>

Title : Need to open Indian Institute of Information Technology and Indian Institute of Management in Himachal Pradesh.

श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर): महोदय, मैं आपके माध्यम से मानव संसाधन विकास मंत्री महोदय के ध्यान में लाना चाहता हूं कि केन्द्र सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश में एक इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ इन्फार्मेशन टैक्नौलौजी की स्थापना जिला ऊना में किया जाना प्रस्तावित है। ऊना के उपायुक्त द्वारा अप मोहल सम-लैहड़ी में 132 एकड़ एकड़ भूमि इस हेतु चिन्हित की जा चुकी है जिसकी सूचना प्रदेश सरकार द्वारा मानव संसाधन विकास मंत्रालय को प्रेषित की जा चुकी है। अब उक्त संस्थान की स्थापना हेतु भारत सरकार की सैद्धान्तिक स्वीकृति आनी शेष है।

महोदय, मेरा निवेदन है कि हिमाचल प्रदेश ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में देश के एवरेज के मुकाबले दुगना हाई एनरोलमैंट रेट प्राप्त कर लिया है। अत: वहां एक आईआईएम की स्थापना किया जाना भी अनिवार्य हो गया है। अत: मेरा आग्रह है कि उक्त दोनों संस्थानों की स्थापना हेतु तत्काल सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान करते हुए सभी आवश्यक कार्यवाई शीघ्रतिशीघ्र की जाए।